दिनांक : 07.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**प्रधानमंत्री - शताब्दी सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है। श्री मोदी ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया और जैव विविधता से आगे बढ़कर जैव-खुशी की दूरदर्शी अवधारणा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को प्रोफेसर स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला।

**लाड़ली बहना योजना**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत् आज प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख से अधिक महिलाओं को 1500 रुपए की किस्त जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में 1 हजार 859 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे। इस बार लाड़ली बहनों को नियमित किश्त 1250 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये जाएंगे। इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहनों को 1500 रूपये मिलेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेण्डर रिफिलिंग के लिये 43 करोड़ 90 लाख रूपये की सहायता राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री नरसिंहगढ़ में रोड-शो में भी शामिल होंगे।

**सर्वोच्च न्यायालय-वर्मा**

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में उन्होंने तीन सदस्यीय आंतरिक जाँच समिति के निष्कर्षों वाले उस प्रस्ताव को चुनौती दी थी जिसमें उन्हें हटाने की सिफारिश की गई थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने कहा कि उनकी याचिका विचारणीय नहीं है क्योंकि वे प्रक्रिया में भाग लेने के बाद आंतरिक जाँच समिति के निष्कर्षों को चुनौती नहीं दे सकते हैं।

**निर्वाचन आयोग-उपराष्ट्रपति अधिसूचना**

निर्वाचन आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी है। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन इस महीने की 21 तारीख तक दाखिल किए जा सकते हैं और चुनाव 9 सितंबर को होंगे।

**मौसम**

प्रदेश में तेज बारिश का दौर फिलहाल थम गया है मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ज्यादातर शहरों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहने की संभावना है। इस बीच कल शिवपुरी में हल्की बूंदाबांदी हुई। दूसरी ओर, छतरपुर के खजुराहो में पारा 35 डिग्री पर पहुंच गया।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल 15 अगस्त को पचमढ़ी के राज भवन में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में राज भवन भोपाल

और जिले के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

- आगरमालवा नगर पालिका द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत कल विभिन्न स्थानों पर लगभग 1800 पौधे रोपे गये।
- बैतूल में भारत भारती आवासीय विद्यालय जामठी में रक्षा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के पेड़-पौधों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।
- भोपाल के गौहर महल में आज 11वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस का महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज इंदौर और भोपाल के सहयोग से एक फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश की पारंपरिक बुनाई शैलियों चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट आदि पर आधारित परिधानों का प्रदर्शन होगा।

..................................................